महेन्द्र रंगा
MAHENDRA RANGA
मुख्य आयुक्त
CHIEF COMMISSIONER

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
मुख्य आयुक्त कार्यालय
सीजीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
जयपुर

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF FINANCE
OFFICE OF THE CHIEF COMMISSIONER
CGST & CENTRAL EXCISE
Jaipur

07 नवंबर, 2023
D.O. No. GCCO/TECH/MISC/440/2023

प्रिय सहकर्मी,

# विषय: 'संवाद': नवंबर 2023

राजस्थान विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और चुनावी सरगर्मी महसूस की जा सकती है। भारत पहला और महान लोकतंत्र है। यहाँ दक्षता और निष्पक्षता के साथ चुनाव कराए जाते हैं। चुनाव आयोग प्रत्येक नागरिक को वोट देने की व्यवस्था करता है। एक नागरिक के रूप में हमें इसका गर्व होना चाहिए और अपने राष्ट्र की महानता को संजोना चाहिए। हम भाग्यशाली हैं कि सरकारी अधिकारियों के रूप में, चुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन में हमारी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें यह भूमिका अपनी सर्वोत्तम क्षमता से निभानी चाहिए।

2. हम आधा वित्तीय वर्ष पार कर चुके हैं। मुझे आशा है कि सभी अधिकारियों ने लक्ष्यों और उपलब्धियों का जायजा लिया होगा। एक केंद्रित चेष्टा हमें न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में बल्कि उन्हें श्रेष्ठ बनाने में भी मदद करेगा।

3. राजस्व के मोर्चे पर पिछले माह के अनुसार ही तेजी जारी है। अक्टूबर माह के दौरान 1983 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है। यह माहवार 13.81% अधिक है और लगातार दूसरे माह दो अंकीय वृद्धि दर्शाता है। माह अक्टूबर-2023 तक राजस्व वृद्धि दर भी 6.14% से बढ़कर 7.26% हो गई है। हमें इस दिशा में इसी प्रकार सतत प्रयास जारी रखने की आवश्यकता है।

4. चुनाव के दौरान बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों (एसओपी) की अनुपालना में, हमने अपनी कर-अपवंचना एवं रोड पेट्रोलिंग गतिविधियाँ तीव्र कर दी है। इसके नतीजे काफी उत्साहवर्धक हैं। इन प्रयासों से हम अतिरिक्त 6.87 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने में सफल रहे हैं। अधिकांश नवंबर माह के दौरान हमें अपना चुनावी फोकस बरकरार रखना होगा। अनुभव से पता चलता है कि आयरन और स्टील स्क्रैप, गुटखा/पान मसाला, टाइल्स और कई अन्य वस्तुओं का आवागमन बिना ई-वे बिल के हो रहा है। हमें इस पर और अधिक ध्यान देने और इन क्षेत्रों में अपवंचन रोकने की आवश्यकता है।

5. मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीजीएसटी अलवर ने मैसर्स संत एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5.37 करोड़ रुपये के आईटीसी के अवैध लाभ का मामला दर्ज किया है। इसमे अब तक 3 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। ADVAIT पोर्टल के माध्यम से डेटा का विश्लेषण कर सीजीएसटी उदयपुर द्वारा मैसर्स हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से 4.55 करोड़ रुपये के कोयला उपकर का आईटीसी रिवर्स करवाया गया है। करदाता ने कोयला उपकर पर आईटीसी का लाभ उठाया था और आनुपातिक रूप से रिफंड का दावा किया था, परन्तु कोयला उपकर के आईटीसी को रिवर्स नहीं किया था। सीजीएसटी उदयपुर द्वारा ही एक अन्य मामला 11.63 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी प्राप्त करने और उसे पारित करने के संदर्भ में मैसर्स आर. एम. एंटरप्राइजेज के विरुद्ध भी दर्ज किया गया है। मैं उक्त अच्छे कार्यों के लिए सम्बंधित टीमों की सराहना करता हूं।

6. डीजीजीआई, जयपुर जोनल यूनिट ने दवाओं के परीक्षण के लिए मैसर्स राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एकत्र किए गए सेवा शुल्क पर 12.26 करोड़ रुपये के जीएसटी का भुगतान न करने के मामले का पता लगाया है। मैसर्स मार्बल सिटी इंडिया लिमिटेड, बहरोड़ और किशनगढ़ के विरुद्ध 17.33 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी प्राप्त करने और पारित करने के अन्य मामले में उन्होंने 5 करोड़ रुपये की वसूली की है। हमें इन मामलों से सीख लेने और फर्जी आईटीसी मामलों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है।

7. राजस्थान राज्य जीएसटी ने मैसर्स नागौर मुकुंदगढ़ हाईवे प्राइवेट लिमिटेड, उदयपुर से संबंधित एक मामले का पता लगाया है, जिसमें 85.97 करोड़ रुपये का जीएसटी शामिल है। करदाता ने SAC कोड 9954 (18% की दर से कर योग्य) के बजाय SAC कोड 9967 (छूट प्राप्त) के तहत सेवा को गलत वर्गीकृत करके जीएसटी का भुगतान नहीं किया था। इस मामले में अब तक 30.11 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से ऐसे ही अन्य करदाताओं के आंकड़ों की जांच करना आवश्यक है।

8. हाल ही में प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात पैंतालीस नए निरीक्षकों ने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मैं अप्रत्यक्ष कर प्रशासन की दुनिया में इन अधिकारियों का स्वागत करता हूं। ये अधिकारी काफी प्रतिभाशाली हैं। मुझे आशा है कि वे संगठन का नाम रोशन करेंगे।

9. जैसा कि हम जानते हैं कि भारत सरकार ने 02.09.2020 को सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम - "मिशन कर्मयोगी" प्रारम्भ किया था। मिशन के तहत शीर्ष श्रेणी के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, जिसका नाम **iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म** है, तैयार किया गया है। पोर्टल पर लॉग इन करने और प्रशिक्षण लेने के मामले में इस मंच पर अब तक सीबीआईसी अधिकारियों की उपस्थिति बहुत कम है। बोर्ड ने कार्मिकों द्वारा आईजीओटी कर्मयोगी के उपयोग के संबंध में एक मासिक रिपोर्ट प्रारंभ की है। इस जोन के अधीक्षकों और निरीक्षकों को इस मंच से परिचित कराने के लिए नासिन, जयपुर एक ऑनलाइन सहयोग सत्र शीघ्र आयोजित करने जा रहा है। चूँकि क्षमता निर्माण प्रदर्शन के लिए पहला कदम है, अतः सभी आयुक्तों से अनुरोध है कि वे इस सत्र के लिए उपयुक्त संख्या में अधिकारियों को नामित करें।

10. बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वच्छता पुरस्कारों की घोषणा की गयी है। हालांकि सर्वश्रेष्ठ आयुक्तालयों की श्रेणी में इस ज़ोन के किसी भी कार्यालय को स्थान नहीं मिला है तथापि, सीजीएसटी अलवर द्वारा स्वच्छता परियोजना के अंतर्गत 'स्वच्छ जल- विभिन्न सरकारी स्कूलों को 22 आरओ वाटर प्यूरीफायर और वाटर कूलर का वितरण' से संबंधित कार्य का विशिष्ट उल्लेख किया गया है। साथ ही सीजीएसटी जोधपुर द्वारा खुले में शौच मुक्त समाज (बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकारी विद्यालयों में 90 शौचालयों का निर्माण) के क्षेत्र में किए गए कार्यों को बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट माना गया है। मैं दोनों आयुक्तालयों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देता हूं। मैं सभी आयुक्तालयों से स्वच्छता परियोजनाओं को निरंतर जारी रखने और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नवीन परियोजनाएं प्रारंभ करने का आग्रह करता हूं। हमें स्वच्छता को एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि दैनिक आदत बनाने की आवश्यकता है।

11. खादी को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खादी महोत्सव कार्यक्रम के तहत 25 से 31अक्टूबर तक कार्यालय परिसर में एक खादी आउटलेट स्थापित किया गया। इस जोन के अधिकारियों द्वारा खादी उत्पाद खरीदकर "वोकल फॉर लोकल" की भावना को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया गया। हम 30 अक्टूबर से 05 नवंबर तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" भी मना रहे हैं, जिसका विषय है **"भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"**।

12. मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री जगदीश तंवर, अधीक्षक ने सितंबर के अंतिम सप्ताह में उदयपुर में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल और पुरुष एकल (+45) में स्वर्ण पदक हासिल किया है। टेनिस खेल में उनके योगदान के लिए राजस्थान सरकार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया है। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए श्री जगदीश तंवर, अधीक्षक के पुत्र मास्टर प्रियांश तंवर ने भी 14 से 19 अक्टूबर तक जोधपुर में आयोजित एसजीएफआई राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में अंडर 17 एकल और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। दोनों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। श्री डूंगर सिंह, निरीक्षक के पुत्र मास्टर दिव्यांश सिंह नरूका को केवीएस रीजनल स्पोर्ट्स मीट-2023 में शतरंज प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर बधाई। उन्हें नवंबर, 2023 में बैंगलोर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप (अंडर 14 श्रेणी) के लिए चुना गया है। श्री प्रकाश सक्सेना, अधीक्षक की बेटी सुश्री सीपिका सक्सेना ने सीबीएसई वेस्ट जोन क्लस्टर में 10 मीटर एयर राइफल श्रेणी में रजत पदक प्राप्त कर एक बार फिर हमें गौरवान्वित किया है। वह नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भी चयनित हो चुकी हैं। मैं आगामी प्रतियोगिताओं में उनकी शानदार सफलता की कामना करता हूं।

13. समस्त अच्छे अनुभवों को समाप्त होना होता है। मैं श्री पी. सी. सामरिया, सहायक आयुक्त, श्री जीवनराम, हेड हवलदार और श्रीमती राजकंवर, हेड हवलदार की सेवानिवृत्ति पर उन्हें जोन की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। मैं श्री संजय रायजादा को भी अपनी शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने 4 अक्टूबर, 2023 को राजकीय सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है।

14. मैं दिवाली के पावन पर्व पर आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इस पर्व की गर्माहट और चमक हमें आने वाले दिनों में और अधिक मेहनत करने के लिए सदैव अधिक ऊर्जा और उत्साह से भर देती है। इस अवसर पर, मैं प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार श्री गोपालदास 'नीरज' की एक कविता के निम्नलिखित अंश उद्धृत करना चाहूंगा:

**नई ज्योति के धर नए पंख झिलमिल, उड़े मर्त्य मिट्टी गगन स्वर्ग छू ले,**
**लगे रोशनी की झड़ी झूम ऐसी, निशा की गली में तिमिर राह भूले।**
**खुले मुक्ति का वह किरण द्वार जगमग, उषा जा न पाए, निशा आ ना पाए,**
**जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना, अँधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।**

अगले अंक तक,

आपका शुभेच्छु

07.11.2023

**(महेंद्र रंगा)**

**सेवा में:- टीम जयपुर जोन।**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

(i) अध्यक्ष, सीबीआईसी, नई दिल्ली के ओएसडी।
(ii) निजी सचिव, सदस्य (जीएसटी/केंद्रीय उत्पाद शुल्क/ सेवाकर एवं जोनल प्रभारी), सीबीआईसी, नई दिल्ली।